# श्याम पे विश्वास कर भजन लिरिक्स

ना किसी से रख उम्मीदें,
ना किसी से आस कर,
झूठी दुनिया झूठे नाते,
श्याम पे विश्वास कर,
झूठी दुनिया झूठे नाते,
श्याम पे विश्वास कर।bd।

---

इनको पा ले और रिझा ले,
सादगी भरे भाव से,
भाव से जो भी खिला दे,
खा लेंगे बड़े चाव से,
रूठे चाहे जग ये सारा,
तू इन्हे ना निराश कर,
झूठी दुनिया झूठे नाते,
श्याम पे विश्वास कर।bd।

---

सुख में तेरे संग चलेंगे,
दु:ख में सब मुख मोड़ेंगे,
दुनिया वाले तेरे बनकर,
तेरा ही दिल तोड़ेंगे,
देते हैं भगवन को धोखा,
बन्दे की ना बात कर,
झूठी दुनिया झूठे नाते,
श्याम पे विश्वास कर।bd।

---

तू है मेरा मैं हूँ तेरा,
श्याम से ये बोल दे,
तू है मेरा मैं हूँ तेरा,
बाबा से ये बोल दे,
भेद अपने मन के सारे,
इनके आगे खोल दे,
इनसे कह दे भाव से प्रभु,
आके मन में वास कर,
झूठी दुनिया झूठे नाते,
श्याम पे विश्वास कर।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

‘टिन्के’ को भी एक भगत ने,
रास्ता था दिखला दिया,
हार गया था जो वो जग से,
बाबा से मिलवा दिया,
श्याम से तुझको जो मिला दे,
ऐसे भगत की तलाश कर,
झूठी दुनिया झूठे नाते,
श्याम पे विश्वास कर।bd।

---

ना किसी से रख उम्मीदें,
ना किसी से आस कर,
झूठी दुनिया झूठे नाते,
श्याम पे विश्वास कर,
झूठी दुनिया झूठे नाते,
श्याम पे विश्वास कर।bd।

**Singer & Writer – Tinka Soni**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com